विश्वस्तरीय हस्तियों के लिए वैसे ही इंतजाम

भूमि पूजन समारोह : दुनियाभर के 3000 से अधिक मेहमान शामिल होंगे, फॉर्च्यून 500 कंपनियों में से ज्यादातर आएंगी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। भूमि पूजन समारोह में आने वाली विश्वस्तरीय हस्तियों के लिए इंतजाम भी वर्ल्ड क्लास होंगे। समारोह का मुख्य आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जर्मन हैंगर में होगा। स्टील के शिपिंग कंटेनरों को बेस बनाकर यह खास हैंगर तैयार किया जा रहा है। इन्हीं इंतजामों का जायजा लेने सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे।

समारोह में दुनिया भर से आ रहे 3000 से अधिक मेहमान के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री समेत अन्य वीआईपी मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शिपिंग कंटेनर से तैयार हो रहे मुख्य हॉल और वहां बने मंच का भी निरीक्षण किया।

बताया गया कि दुनिया के जाने-माने उद्योगपतियों के साथ ही फॉर्च्यून ग्लोबल, फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियां आ रही हैं। विदेशी निवेशक, राजदूत, उच्चायुक्त व अन्य प्रतिष्ठित मेहमान भी शामिल होंगे। मेहमानों को यूपी की आर्थिक मोर्चे पर मजबूत होती स्थिति की झलक दिखाई जाएगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में इनोवेशन के जरिये दस खरब डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ाते यूपी की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को दर्शाया जा रहा है। स्टील के शिपिंग कंटेनरों को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाया जा रहा है। 56 कंटेनरों को एक के ऊपर एक रखकर स्ट्रक्चर बनाया गया है। उसे टेंट में तब्दील करते हुए मेन पैवेलियन का निर्माण किया जा रहा है।

इंटरनेशनल फिल्म सिटी की झलक दिखेगी : समारोह में जेवर में बनने जा रही यूपी की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी की भी झलक दिखेगी। अयोध्या में राम मंदिर, केदारनाथ और लंदन से कनाडा तक की प्राइम लोकेशनों को इसमें शामिल किया जाएगा। डिफेंस के तमाम उपकरणों के 3डी मॉडल भी मुख्य आकर्षण होंगे।

शिपिंग कंटेनरों को बेस बनाकर तैयार किया गया खास जर्मन हैंगर

34 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के बीच वैश्विक निवेशक सम्मेलन का आयोजन हुआ था। करीब एक वर्ष बाद 19 से 21 फरवरी के बीच भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे। भूमि पूजन में शामिल दस लाख करोड़ की परियोजनाओं से 34 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भूमि पूजन समारोह को लेकर चल रहीं तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र भी मौजूद रहे। संवाद